भारत में कॉटन के सशक्त हाइब्रिड जीएचएच 029 का प्रवेश

अमरावती,31 मई 2019श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स के नए लॉन्च किए गए उत्पाद जीएचएच 029 बीजीआईआई ने पिछले सप्ताह मई के बाद से महाराष्ट्र के खंदेश, विदर्भ और मराठ्वाड़ा क्षेत्रों में अपने लिए विशेष स्थान बना लिया है। 1992 में स्थापित श्रीराम बायोसीड जेनेटिक्स एक ऐसा संगठन है जो अपने उच्च उत्पादकता वाले हाइब्रिड बीजों के विकास द्वारा किसानों के सशक्तीरण के लिए प्रयासरत है। कंपनी को जर्मप्लाज़्म के व्यापक पूल के लिए जाना जाता है जो भारत, इंडोनेशिया, थाईलैण्ड, वियतनाम, बांग्लादेश, चीन, नेपाल, कम्बोड़िया और नेपाल के किसानों को व्यापक कवरेज प्रदान करता है। बायोसीड बीजों की मूल्य श्रृंखला यानि अनुसंधान एवं विकास, मल्टी लोकेशन ट्रायल, उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन में अपने प्रयासों के ज़रिए किसानों के सश्क्तीकरण के लिए प्रयासरत है। कंपनी एक प्रतिष्ठित सदन डीसीएम श्रीराम लिमिटेड का एक प्रभाग है,जिसका मुख्यालय हैदराबाद में है। यह सदन देश में कई मूल्य श्रृंखलाओं में अपने कारोबार का संचालन करता है।

पिछले कुछ दिनों में कंपनी के अधिकारी नए कॉटन हाइब्रिड जीएचएच 029 बीजीआईआई के लॉन्च में बहुत व्यस्त रहे हैं, कंपनी अपने पूर्व उत्पादों जैसे 6युवा और 6बिंदास के लिए देश भर के किसानों में बहुत लोकप्रियता हासिल कर चुकी है। नया लॉन्च किया गया हाइब्रिड जीएचएच 029 बीजीआईआई राज्य में मजदूरों की कमी के कारण आने वाली समस्याओं को दूर करने में किसान की मदद करेगा।

पिछले कई सालों से उत्पादकता एवं कीटों के लिए प्रतिरोध हमारे कॉटन हाइब्रिड्स की विशेषता रहे हैं.कंपनी के एक अधिकारी ने लॉन्च के दौरान कहा। उन्होंने बताया, 66हालांकि हाल ही में श्रम की कमी देश के किसानों के लिए बड़ी समस्या रही है। जिसकी वजह से श्रम की लागत बढ़ी है, इसी के मद्देनज़र बोयोसीड ने नया हाइब्रिड जीएचएच 029 बीजीआईआई लॉन्च किया है, जिसकी कॉटन बॉल का साइज़ बड़ा होता है, ऐसे में इसे उठाना भी आसान होता है। यह उत्पाद पिछले उत्पादों का अपग्रेड है जो अधिक उत्पादकता के साथ कीड़ों के लिए अच्छी प्रतिरोधकता भी देते हैं, साथ ही अब कॉटन बॉल का साईज़ और वज़न भी बढ़ गया है।

इस मौके पर डॉ शरद शर्मा, प्रेज़ीडेन्ट, साउथ एशिया एवं डॉ परेश वर्मा, डायरेक्टर रीसर्च एवं प्रेज़ीडेन्ट साउथ ईस्ट एशिया ने कहा, 66यह उत्पाद जीएचएच 029 बीजीआईआई कंपनी के समर्पित अनुसंधान एवं विकास का परिणाम है, जिसके परिणामस्वरूप अनूठे बायोटेक्नोलॉजी आधारित समाधान प्रस्तुत किए गए हैं। जीएचएच 029 बीजीआईआई अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में कई गुना बेहतर उत्पादकता देता है। यह इंटेग्रेटेड एवं हाई मैनेजमेन्ट सेगमेन्ट के लिए अनुकूल है।

कंपनी के अधिकारियों के जोश के अनुरूप जीएचएच 029 बीजीआईआई देश में अपने लिए खास जगह बना लेगा और लॉन्च के पहले साल में इसे महाराष्ट्र, तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडू में बेचा जाएगा। महाराष्ट्र के अमरावती, औरंगाबाद, जलगांव और तेलंगाना के वरंगल में हाइब्रिड के सफल लॉन्च के के अलावा सशक्त आपूर्ति नेटवर्क का भी फायदा मिलेगा और 2019 के खरीफ़ के सीज़न में देश में उपरोक्त उल्लिखित राज्यों में इरीगेटेड एवं मैनेजमेन्ट सेगमेन्ट्स में यह उत्पाद उत्कृष्ट परफोर्मेन्स देगा।